प्रभात खबर

Dhanbad News: तेलीपाड़ा में छापेमारी, अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर तेलीपाड़ा में शनिवार की रात उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक मिनी शराब फैक्ट्री का भांडा फोड़ा. इस दौरान यहां से विभिन्न ब्रांड की छह पेटी नकली शराब और शराब बनाने के सामान जब्त किये गये. वहीं शराब फैक्ट्री का संचालक शंकर साव फरार है. उत्पाद विभाग की ओर शंकर साव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. विभाग के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंकर साव अपने घर में अवैध रूप से नकली शराब बना रहा है. इसके बाद एक टीम बनाकर उसके घर पर छापेमारी की गयी. इस दौरान शंकर साव घर में नहीं मिला. जब सर्च किया गया तो वहां से विभिन्न ब्रांड की शराब, कई ब्रांड के रैपर, ढक्कन व शराब बनाने के समान जब्त किये गये.

परचुनिया बेचते हैं नकली माल

बताया जाता है कि तेलीपाड़ा में नकली शराब का धंधा कई माह से चल रहा है. यहां नकली शराब बनाने के बाद आसपास के छोटे-मोटे होटलों में सप्लाई की जाती है. साथ ही परचुनिया को शराब मुहैया करायी जाती है, जो रात 10 बजे से लेकर अल सुबह तक घूम-घूम कर शराब बेचता है. इसमें हीरापुर के तीन और स्टेशन रोड का एक परचुनिया भी मिला हुआ है, जो नकली शराब को बाजार में खपाते हैं.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/dhanbad/illegal-mini-liquor-factory-busted-in-raid